दूरभाष व फैक्सः (01342) 260434
ई–मेल :– robijnaur@uppcb.com

# उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

क्षेत्रीय कार्यालयः महर्षि दयानन्द नगर, निकट सैण्टमेरी स्कूल, आदमपुर–चक्कर रोड, बिजनौर–246701

सन्दर्भ सं0 : 937/D-1/जनरल-2021 दिनांक : 22-3-2021

सेवा में,
जिला पूर्ति अधिकारी
बिजनौर।

**विषय–मैसर्स भारत पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मेरठ के प्रस्तावित रिटेल आउटलेट, खसरा सं0–155 एवं 156, ग्राम–नवादा केशों, स्योहारा–ठाकुरद्वारा रोड, थाना–स्योहारा, तहसील–धामपुर, जिला–बिजनौर की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया अपने पत्र सं0–2186/जि0पू0अ0–एन0ओ0सी0/2020 दिनांक–12 अक्टूबर, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के अनुक्रम में प्रस्तावित स्थल की स्थलीय जॉच करायी गयी। निरीक्षण आख्या के अनुसार रिटेल आउटलेट का स्थल, खसरा सं0–155 एवं 156, ग्राम–नवादा केशों, स्योहारा–ठाकुरद्वारा रोड, थाना–स्योहारा, तहसील–धामपुर जिला–बिजनौर मे स्थित है। रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) में एम0एस0 (पेट्रोल) 1×15 कि0ली0 (क्लास–ए) एवं एच0एस0डी0 (डीजल) 1×20 कि0ली0 (क्लास–बी) टैंकों की स्थापना एवं भण्डारण किया जाना प्रस्तावित है। रिटेल आउटलेट के प्रस्तावित स्थल के उत्तर दिशा में स्योहारा–ठाकुरद्वारा रोड, दक्षिण दिशा में कृषि भूमि, पूरब दिशा में कृषि भूमि एवं पश्चिम दिशा में कृषि भूमि स्थित है।

अतः उक्त इकाई को एम0एस0 (पेट्रोल) 1×15 कि0ली0 (क्लास–ए) एवं एच0एस0डी0 (डीजल) 1×20 कि0ली0 (क्लास–बी) टैंकों की स्थापना एवं भण्डारण हेतु निम्नलिखित शर्तो के अधीन संस्तुति की जाती है।

<u>शर्ते</u> :–

1. रिटेल आउटलेट द्वारा पेट्रोलियम टैंको का भण्डारण प्रस्तावित स्थल के सन्निकट स्थित विद्युत लाइन से यथासंभव दूरस्थ तथा अग्निशमन विभाग के प्राविधानों के अनुरूप किया जाये।
2. रिटेल आउटलेट द्वारा पेट्रोलियम पदार्थो का भण्डारण एक्सप्लोसिव डिपार्टमेंट की मार्गदर्शिका के अनुसार करना सुनिश्चित करेगा तथा सुरक्षा हेतु अग्निशमन के समस्त वांछित उपाय कराना सुनिश्चित किया जाए।
3. रिटेल आउटलेट द्वारा आकस्मिक दुर्घटनाओं के बचाव हेतु ऑन साइट मैनेजमेंट प्लान तैयार कर इसका अनुमोदन संबंधित विभाग से कराकर इस कार्यालय में तीन माह में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
4. रिटेल आउटलेट द्वारा डीजल/पेट्रोल के वाष्पन के नियन्त्रण हेतु वेपर रिकवरी सिस्टम की स्थापना सुनिश्चित की जाए।
5. रिटेल आउटलेट द्वारा प्रस्तावित स्थल का भू–प्रयोग व्यवसायिक प्रयोग हेतु सक्षम अधिकारी से प्रमाण पत्र प्राप्त कर इस कार्यालय में एक माह में प्रस्तुत किया जाये।

भवदीय,

(जे0पी0मौर्य)
क्षेत्रीय अधिकारी

Amol Ingle
Executive Engineering (Retail)
Bharat Petroleum Corporation Limited
Abu Ka Makbara, Kaiser Ganj
Meerut - 250002 (U.P.)

राकेश शर्मा
प्रादेशिक प्रबन्धक (रिटेल)
भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड
... कैसर गंज
... 002 (उ0प्र0)